# कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में उठी वंचितों की आवाज

## शहर में रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ता, जिला प्रशासन को सौंपा मांगों से संबंधित ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों से संबंधित विभिन्न जनहितकारी मांगों को लेकर शनिवार को जन आक्रोश रैली निकाली। यह रैली अस्पताल चौराहे से शुरू होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जहां अनुसूचित जाति कांग्रेस के नेतृत्व में नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पूर्व आयोग सदस्य प्रदीप अहिरवार, विधायक हरीबाबू राय जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।







ज्ञापन में ईसागढ़ के शासकीय महाविद्यालय का नामकरण संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर करने की थी। बताया कि इस संबंध में प्रस्ताव पारित हो चुका है, लेकिन राज्य शासन की स्वीकृति अभी तक लंबित है। इसके अतिरिक्त आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा शासकीय भूमि और एससी-एसटी ओबीसी वर्ग के लोगों की भूमि पर अवैध कब्जे का मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस ने इस मामले में तत्काल वैधानिक कार्रवाई की मांग की और संबंधित सर्वे नंबरों सहित दस्तावेज भी संलग्न किए।

जिले के शहीद सब-इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव की प्रतिमा स्थापित करने, जिले में निर्मित अंबेडकर भवनों को एससी-एसटी समाज के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराने, और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर न मिलने जैसी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए। इसमें योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी, डीपी अनुदान की तीन वर्षों से लंबित स्वीकृति, और जिला संयोजिका पर कर्तव्यों में लापरवाही तथा भेदभाव के आरोप शामिल थे। इसके अतिरिक्त, पट्टों के क्रियान्वयन में लापरवाही, कानूनी प्रक्रियाओं में भेदभाव, पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने में आ रही परेशानियां, और एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत राहत राशि समय पर न मिलने जैसे मुद्दों को भी ज्ञापन में शामिल किया गया।

### असामाजिक तत्वों पर की कड़ी कार्रवाई की मांगः

कांग्रेस ने ग्वालियर उच्च न्यायालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने और बाबा साहब के पुतले दहन का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। भर्ती प्रक्रियाओं में एससी-एसटी अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव और विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ होने वाले जातिगत उत्पीड़न का मुद्दा भी जोरशोर से उठाया गया। कांग्रेस ने सभी मांगों पर विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।



# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित**

**कमजोर प्रदर्शन पर सुधारात्मक निर्देश**

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढ़ौरा में खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. जयकृत सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंकज शर्मा (वीसीसीएम), राकेश वैरागी (डब्ल्यूएचओ फील्ड मॉनिटर), बीसीएम संजीव रघुवंशी, बीपीएम गणेश बेहरे, बीईई रुचि रघुवंशी तथा आईपास कंसल्टेंट जुगल किशोर व्यास द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान शाढ़ौरा ब्लॉक के सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर, सीएचओ, एएनएम, सेक्टर पर्यवेक्षक, एमपीडब्ल्यू, आशा पर्यवेक्षक सहित समस्त स्वास्थ्य स्टाफ उपस्थित रहा। बैठक में प्रत्येक कार्यक्रम के लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए कमियों की पहचान की गई तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने सभी कर्मचारियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए टीम भावना से कार्य करने, नियमित मॉनिटरिंग एवं गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर लक्ष्य के प्रति सर्वाधिक उपलब्धि प्राप्त करने वाले 5 कर्मचारियों को बीएमओ द्वारा डायरी एवं पेन भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। वहीं, न्यूनतम उपलब्धि वाले 5 कर्मचारियों को चेतावनी पत्र जारी कर सुधार हेतु समय-सीमा निर्धारित की गई, ताकि आगामी अवधि में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जा सके। बैठक के अंत में बीएमओ ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

## एक नजर में

### अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के युवा जिलाध्यक्ष बने रोहित



**अशोकनगर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी कुमायु ने जिलाध्यक्ष विमल पटेल की अनुसंशा पर रोहित पटेल के समाज के प्रति कार्य को देखते हुए रोहित पटेल अशोकनगर का युवा जिलाध्यक्ष नियुक्ति किया है। जिसमें जिसने सभी समाज के एवं मित्रों ने उनको फूल वाला पहनाकर शुभकामना दी। तो वहीं रोहित ने मिली जिम्मेदारी पर वरिष्ठ नेतृत्व का आभार मानते हुए कहा कि मुझे जो युवा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है मैं उसका निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करुंगा। समाज कल्याण के कार्य की सदैव तत्पर रहूंगा तथा समाज के उत्थान के लिए बिना किसी स्वार्थ के अपनी सेवा प्रदान करुंगा।





### नगर में श्रीराम कथा कलश यात्रा आज

**शाढौरा।** श्री रामायण सत्संग प्रचार समिति शाढ़ौरा द्वारां भव्य संगीतमय श्री राम कथा आयोजन किया जा रहा है। पंडित परम पूज्य श्री अष्ठवक महाराज मथुरा बालो के कर कमलो से वैदिक पूजन धार्मिक रीति रिवाज साथ कार्य संपन्न कराया जाएगा। कथा स्थल मंगल मैरिज गार्डन प्रांगण में 28 दिसंबर से 5 जनबरी तक श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियों के जन सहयोग से किया जाएगा। कथा का वाचन पंडित अष्टावक महाराज के मुखारबिंद से प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक किया जाएगा। आयोजन से पहले कलश यात्रा 28 दिसंबर को स्थानीय पंडा मोहल्ला से सुबह 11 बजे से निकाली जाएगी जो मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल मंगल मैरिज गार्डन गुना अशोकनगर रोड पहुंचगी। जंहा भव्य संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन से पहले क्षेत्रवासियों एव समस्त नगर वासियो के धर्म प्रेमी बंधुओ का ध्यान आकर्षित कराने हेतू नगर में जगह - जगह श्री रामायण सत्संग प्रचार समिति द्वारा कथा के बैनर लगाकर प्रचार - प्रसार किया जा रहा है। कथा की तैयारियां लगभग पूर्णता की ओर हैं।

# ट्रक में भरी थीं 26 भैंसें, पुलिस ने पकड़ी

## पशु तस्करी के कॉरिडोर के रूप में विकसित हो रहा नेशनल हाईवे 346 ए

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/ बहादुरपुर।** स्थानीय थाना पुलिस ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात बंगला चौराहा और घाट बमूरिया के बीच 26 भैंसों से भरा एक ट्रक पकड़ा है। ये भैंसें विदिशा के सिरोंज से उत्तर प्रदेश के झांसी-आगरा ले जाई जा रही थीं। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिरोंज निवासी खल्ली उर्फ खल्ला खान (38) और मुरैना के कैथरी निवासी टिंकू उर्फ रामनिवास गुर्जर (22) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव ने बताया कि पुलिस को ट्रक आने की सूचना मिली थी। इसके बाद, रात करीब 3 बजे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीई 2872 को रोका गया।



जांच करने पर उसमें भैंसें भरी मिलीं पुलिस ने तुरंत ट्रक को जब्त कर लिया और बहादुरपुर लेकर आए जहां भैंसों को थाना परिसर में उतारा गया। सुबह तक सभी भैंसों को थाना परिसर में ही रखा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**लंबे समय से हो रही तस्करी:**

नेशनल हाईवे 346 ए के नव निर्माण से उत्तर प्रदेश के कानपुर और झांसी जैसे शहरों की भोपाल सिरोंज और विदिशा से यातयात सुगम हुआ है। यह रास्ता पशु तस्करी के एक कॉरिडोर के तौर पर भी विकसित हो रहा है। इसका उदाहरण बीते दो तीन वर्षों में बहादुरपुर, मुंगावली, पिपरई, सहराई और चंदेरी थानों में अलग अलग समय पर पकड़े भैंसों से भरे हुए ट्रकों से मिलता है। असल में सिरोंज और भोपाल स्थानीय क्षेत्र में भैंसों और पड़े के बड़े व्यापारियों के गढ़ हैं, जिनकी कनेक्टिविटी झांसी और कानपुर के बड़े बड़े चमड़ा और मीट व्यापारियों से है। भैंसों की तस्करी की आड़ में गौवंश की तस्करी भी की जाती है, चूंकि मांस और चमड़े के लिए भैंसों की खरीद फरोख्त गैर कानूनी नहीं है, इसलिए मामूली जुर्माने के बाद यह लोग बच निकलते हैं, पुलिस द्वारा भी केवल पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज किया जाता है।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**मुंगावली।** विकासखंड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन स्थानीय नगर परिषद कार्यालय के सभागार मैं किया गया। जिसमें मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ,मध्य प्रदेश शिक्षक संघ और कोटवार संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता सोनम शर्मा तहसीलदार मुंगावली द्वारा की गई, बैठक मे सभी विभागों मैं केवल विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी शर्मा उपस्थित हुए और अन्य किसी भी विभाग से कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं हुए। परामर्शदात्री की बैठक का पालन प्रतिवेदन न मिलना ,बैठक की सूचना कम से कम दो दिन पूर्व दी जानी चाहिए ।

# त्रिवेणी नदी पर किया गया बोरी बंधान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् ब्लॉक अशोकनगर के सेक्टर क्र 3 की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति द्वारा प्रस्फुटन समितियों का क्षमता बृद्धि प्रक्षिक्षण कार्यक्रम एवं जल संचय अभियान के अंतर्गत त्रिवेणी नदी के कंजी घाट पर जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव एवं बलवीर सिंह यादव मास्टर ट्रेनर संस्कार केन्द्र संस्था के अध्यक्ष कुमार संभव की उपस्थिति में बोरी बन्धन किया गया। ब्लॉक समन्वयक श्री यादव ने कहा कि परिषद का उद्देश्य परिषद् की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समस्त प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुंचे। अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव, चौपाल आदि कार्यक्रम है।



# हिन्दू सम्मेलन को लेकर की गई ध्वज स्थापना

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर में आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर ध्वज स्थापना एवं भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशाल हिंदू सम्मेलन आगामी 4 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। ध्वज स्थापना कार्यक्रम की शुरुआत हरकुंड स्थित वीजासन मंदिर परिसर से हुई। यहां से हिंदू समाज के लोगों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय जय श्रीराम के नारों के साथ चल समारोह निकाला और सभी लोगों को आमंत्रण देकर सपरिवार हिन्दू सम्मेलन में आने के लिये आग्रह किया। यह चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए दिल्ली दरवाजे होते हुए नया बस स्टेंड पहुंचा। नये बस स्टैंड के मैदान में वैदिक मंत्रोच्चार एवं वेद पाठ के साथ विधिवत रूप से ध्वज की स्थापना की गई तथा भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान महंत जुगल किशोर महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए हिंदू एकता, संस्कृति संरक्षण एवं संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू समाज के



**पहल**

**गन्ना कटाई के लिए गए थे महाराष्ट्र, वहां बना लिया था क्षेत्र के मजदूरों को बंधक**

# रंग लाई विधायक की कोशिश, महाराष्ट्र में फंसे 35 मजदूर लौटे

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/ मुंगावली।** महाराष्ट्र में बंधक बनाए गए मजदूरों को स्थानीय सरपंच के द्वारा पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के संज्ञान में लाया गया था जिसके चलते विधायक ने पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के द्वारा महाराष्ट्र के पुलिस अधीक्षक के वार्तालाप कर ठेकेदार द्वारा बंधक बनाए गए मजदूरों को तुरंत छोड़ने के लिए फोन पर चर्चा की थी। जिसमे शनिवार सुबह ही सकुशल मजदूर घर वापस लौटे।



बता दे कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाये जाने पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले के महाराष्ट्र में फंसे मजदूरों की सकुशल घर वापसी हुई है विगत दिनों स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाया गया कि जिले के मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के कुछ महिला एवं पुरुष मजदूर रोजगार हेतु महाराष्ट्र गए थे, जो महाराष्ट्र के सोलापुर क्षेत्र में फंसे हुए है। मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा मजदूरों की सकुशल वापसी हेतु महाराष्ट्र राज्य के सोलापुर जिले के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर थाना प्रभारी मुंगावली एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर को मजदूरों की शीघ्र एवं सुरक्षित घर वापसी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुंगावली उप निरीक्षक अरविन्द सिंह एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम यादव द्वारा संबंधित मजदूरों से संपर्क स्थापित किया गया। जिसमें मजदूरों ने बताया कि लगभग एक से डेढ़ माह पूर्व मजदूरी करने महाराष्ट्र राज्य के सोलापुर जिले के शेलगांव गए थे, परंतु वहां मजदूरों को सुबह से रात तक काम कराते थे जिसमें कई अन्य तरह से परेशान भी किया जाता था, परेशान होने के बावजूद भी घर नहीं लौट पा रहे थे। स्थानीय परिस्थितियों के कारण वह वापस अपने घर लौटना चाहते थे, किंतु कुछ कारणवश लौट नहीं पा रहे थे। पुलिस और जनप्रतिनिधियों द्वारा संबंधित क्षेत्र में संपर्क कर मजदूरों की सुरक्षित वापसी हेतु प्रयास किए गए, जिसमें सोलापुर क्षेत्र के शेलगांव में कार्यरत लगभग 35 महिला, पुरुष मजदूर एवं बच्चों सहित शनिवार को सकुशल अपने अपने घर वापस आ गये हैं।

### ये मजदूर लौटे अपने घरः

महाराष्ट्र से जो मजदूर लौटे है उनमें शिशुपाल पिता रतन आदिवासी, नंदराम पिता कल्याण आदिवासी, दोला पिता हटटू आदिवासी, रमेश पिता कमल आदिवासी, अनीता बाई पत्नी रमेश आदिवासी , मल्ला पिता रतन आदिवासी, शीलवती पत्नी मल्ला आदिवासी, अनीता पत्नी शिशुपाल आदिवासी उम्र , राजकुमार पिता शिवराज आदिवासी, गनेश पिता मोहरसिंह आदिवासी, गोविन्द पिता तुलाराम आदिवासी, चंदन पिता श्यामलाल कोरी, मीलसिंह पिता कमरलाल अहिवरार, माखन पिता गजराज अहिरवार, राजबाई पत्नी माखन आदिवासी, हजरत पिता रामसिंह अहिरवार, रानीबाई पत्नी हजरत अहिरवार, फूलबाई पत्नी भज्जी सिहं अहिरवार, प्रदीप पिता हीरालाल कोरी, कमलसिंह पिता श्यामलाल कोरी, कल्लू पिता देवीलाल कुशवाह, पानबाई पत्नी कल्लू कुशवाह, अरविन्दसिंह पिता तखतसिंह आदिवासी, मानक पिता फूलसिहं आदिवासी, राजकुमारी पत्नी रविन्द्र आदिवासी, निखिल पिता जयराम कोरी, महाराज पिता मोहन अहिरवार, मोहरबाई पति मोहन अहिरवार, शिवराज पिता देवा आदिवासी, गंगाराम पिता श्यामलाल कोरी , शैलेन्द्र पिता विमलेश आदिवासी, धनीराम पिता मोती आदिवासी, सोनम पत्नी धनीराम आदिवासी, मुकेश पिता फूलसिंह अहिरवार सर्व निवासी ग्राम जारोली बुजुर्ग थाना बहादुरपुर एवं राजकुमार पिता जालम आदिवासी निवासी ग्राम औक्सी चक्क थाना बहादुरपुर शामिल है।


